राष्ट्रीय खेल 2025

चर्चा में क्यों?

उत्तराखंड ने [राष्ट्रीय खेलों के 38वें संस्करण]**की मेज़बानी की, जिसमें 28 राज्यों, आठ केंद्रशासित प्रदेशों** और **सेवा खेल नियंत्रण बोर्ड (SSCB) ने भाग लिया।**

प्रमुख बिंदु

- **वर्तमान पदक तालिका:**
  - SSCB 120 पदकों के साथ शीर्ष स्थान पर है, जिनमें शामिल हैं:
    - 67 स्वर्ण
    - 26 रजत
    - 27 कांस्य
  - दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र रहा, जिसने कुल 195 पदक हासिल किये।
    - 53 स्वर्ण
    - 70 रजत
    - 72 कांस्य
  - तीसरे स्थान पर रहे हरियाणा ने 150 पदक अर्जित किये, जिनमें शामिल हैं:
    - 46 स्वर्ण
    - 46 रजत
    - 58 कांस्य
- **राष्ट्रीय खेल 2025 के बारे में:**
  - भारत का राष्ट्रीय खेल एक [ओलंपिक]**शैली का बहु-खेल आयोजन है, जिसमें राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों** के खिलाड़ी पदक के लिये प्रतिस्पर्द्धा करते हैं।
  - **राष्ट्रीय खेलों का 38वाँ संस्करण** 28 **जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखंड** में हुआ।
- **प्रतियोगिता संरचना:**
  - राष्ट्रीय खेलों में **32 खेल प्रतियोगिताएँ शामिल हुईं**।
  - इसके अलावा, **चार प्रदर्शन खेल भी** शामिल किये गये अर्थात् **कलरीपयट्टू, योगासन, मल्लखंभ और राफ्टिंग।**
- **थीम और टैगलाइन:**
  - खेलों का शुभंकर **मौली है, जो उत्तराखंड के राज्य पक्षी मोनाल** से प्रेरित है तथा इस क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता है।
  - खेलों की टैगलाइन है **"संकल्प से शिखर तक"।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-games-2025